दिन– गुरुवार दिनांक– 10 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

केंद्र सरकार ने आज राज्य सरकारों के लिए एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की है। वित्त मंत्रालय के अनुसार त्योहारों और राज्यों के पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रिम किस्त जारी की गई थी। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक इकतीस हजार नौ सौ बासठ करोड़ रुपये जारी किये गये। इसके बाद बिहार और मध्य प्रदेश को सर्वाधिक राशि दी गई है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दूसरे चरण के तहत बाढ़ प्रभावित तीन लाख इक्कीस हजार से अधिक परिवारों के बैंक खातों में प्रति परिवार सात हजार रूपये की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से भेजेंगे। इस चरण में दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये का अंतरण किया जाएगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत राशि वितरण के प्रथम चरण में चार अक्टूबर को बाढ़ प्रभावित चार लाख अड़तीस हजार पांच सौ उनतीस परिवारों के बैंक खातों में तीन सौ सात करोड़ रुपये अंतरित किये थे।

————————————————————

शारदीय नवरात्र के आज आठवें दिन देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनाकोमनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला है। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में महा अष्टमी की पूजा–अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। इधर, राजधानी पटना में प्रसिद्ध शक्ति पीठ पटन देवी में अष्टमी पूजा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूजा पंडालों में माँ दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी हुई है। शहर के बंगाली अखाड़ा, डाकबंगला चौराहा, कदमकुआं, बेली रोड और राजा बाजार समेत अन्य स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनये गये है। राजधानी में वातावरण भक्तिमय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना सिटी के पटन देवी मंदिर तथा अगमकुंआ स्थित माँ शीतला देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जा कर माँ दुर्गा की आराधना की और सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

———————————————————————————

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर टेली मानस ऐप और वीडियो कॉल सुविधा का शुभारंभ किया। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ टेली मानस मूल्यांकन रिपोर्ट और कर्मचारियों के लिए एक स्व–देखभाल मॉड्यूल भी लॉन्च किया गया। इस वर्ष का विषय– कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य है, जो मानसिक स्वास्थ्य और कार्यस्थल के बीच संबंध पर प्रकाश डालता है।

———————————————————————————

जाने–माने उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा के अंतिम दर्शन के लिए मुम्बई के राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केन्द्र में लोगों का तांता लगा हुआ है। उनका छियासी वर्ष की उम्र में कल मुम्बई के एक अस्पताल में निधन हो गया था। उनका पार्थिव शरीर शाम साढ़े चार बजे तक राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केन्द्र में रखा जाएगा। वरली स्थित श्मशान घाट पर शाम को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों ने श्री रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी रतन टाटा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

———————————————————————————

राज्य से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के एक या दो स्थानों मे हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी है। समस्तीपुर के शिवजीनगर में सबसे अधिक छत्तीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी भाग के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की सभावना है।

———————————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पटना की ओर से बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राहत सामग्रियों से भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रीगा खरसान गांव निवासी सेना के जवान अमर शहीद सुजीत सिंह को आज उनके पैतृक गाँव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।